# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 09.11.2022

**1-थाना दनकौर पुलिस द्वारा, यमुना गौर सिटी के एजीएम द्वारा काम न देने पर जान से मारने की धमकी देने वाला अभियुक्त गिरफ्तार।**

दिनांक 09.11.2022 को थाना दनकौर पुलिस द्वारा यमुना गौर सिटी के एजीएम द्वारा काम न देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले अभियुक्त राहुल भाटी पुत्र स्व0 सुरेन्द्र भाटी निवासी ग्राम सूरजपुर मोहन मन्दिर वाली गली थाना सूरजपुर ग्रे0नो0 गौ0बु0नगर को ग्राम चपरगढ़ के सामने स्थित अण्डपास से गिरफ्तार किया गया है।

**विवरणः**

दिनांक 05.11.2022 को एजीएम यमुना गौर सिटी संदीप शर्मा को अभियुक्त राहुल भाटी ने मोबाइल फोन द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुये कहा कि आप अपने क्षेत्र में हो रहे कार्य जैसे मिट्टी खुदाई खनन तथा मैनपावर के काम मुझे दोगे नही तो मैं तुम्हे जान से मार दूंगा उसके बाद दिनांक 06.11.2022 को यमुना गौर सिटी कम्पनी के डीजीएम फेकल्टी रोहित चतुर्वेदी की गाडी में बिना नम्बर की स्कार्पियों कार द्वारा टक्कर मार कर क्षतिगृस्त कर तथा रोहित चतुर्वेदी की गाडी के आगे स्कार्पियों लगाकर रोहित चतुर्वेदी की गाडी में लात घूंसे मारते हुये गाली गलोच व जान से मारने की धमकी दी गयी। दिनांक 07.11.2022 को गौर यमुना सिटी के सिक्योरिटी मैनेजर कर्नल शर्मा पुत्र श्री चमन लाल शर्मा द्वारा थाना दनकौर पर अभियोग पंजीकृत कराया गया कि अज्ञात लोगो द्वारा वादी के स्टॉफ डीजीएम फेकल्टी रोहित चतुर्वेदी की गाडी को टक्कर मारकर क्षतिगृस्त करने के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 390/22 धारा 279/427/504/506/507 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया है।

**अभियुक्त का विवरणः**

राहुल भाटी पुत्र स्व0 सुरेन्द्र भाटी निवासी ग्राम सूरजपुर मोहन मन्दिर वाली गली निकट पुलिस चौकी थाना सूरजपुर ग्रे0नो0 गौ0बु0नगर

**पंजीकृत अभियोग का विवरणः**

1.मु0अ0सं0 390/22 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना दनकौर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

2. मु0अ0सं0 250/22 धारा 120बी/406/504/506 भा0द0वि0 थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर

**बरामदगी का विवरणः**

घटना में प्रयुक्त सिम कार्ड



**2-थाना इकोटेक 03 पुलिस द्वारा लुटेरा अभियुक्त गिरफ्तार,कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर , लूटी गयी सोने की अंगूठी व 600 रूपये बरामद।**

दिनांक 08.11.2022 को थाना इकोटेक पुलिस द्वारा लुटेरा अभियुकत सचिन पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम सैनी थाना इकोटेक 3 जनपद गौतमबुद्धनगर को 130 मीटर रोड के बीच सुनपुरा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर ,लूटी गयी सोने की अंगूठी व 600 रूपये बरामद हुए है।

**अभियुक्त का विवरणः**

सचिन पुत्र अतर सिंह नि0 ग्राम सैनी  थाना इकोटेक 3 जनपद गौतमबुद्धनगर

**पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरणः**

1. मु0अ0स0 434/22 धारा 392.342,411,201,435,482,34 भादवि थाना इकोटेक-3 गौतमबुद्धनगर।

2. मु0अ0स0 429/22 धारा 392,411 भादवि थाना इकोटेक-3 गौतमबुद्धनगर।

3. मु0अ0सं0 463/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट इकोटेक-3 गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण:**

1. 01 तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर

2. लूटी गयी सोने की अंगूठी

3. 600 रूपये



**#यातायात माह नवंबर 2022 के अवसर पर कमिश्नरेट में लगातार यातायात पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों,आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।**

**पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर आलोक सिंह द्वारा यातायात माह के उपलक्ष्य में सेक्टर 108 कार्यालय स्थित ट्रेफिक पार्क की रेल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एनसीसी कैडेट तथा स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत कर यातयात नियमों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

प्रदेश में नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है जिसमें यातायात माह नवंबर में यातायात पुलिस,स्कूली छात्रों,एनसीसी कैडेट द्वारा स्कूल/कालेज तथा विभिन्न स्थानों पर आमजन को यातायात नियमों का पालन करने के सम्बन्ध में कार्यक्रम प्रस्तुत कर यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जाता है। आज दिनांक 09.11.2022 को यातायात माह नवम्बर 2022 के अवसर पर पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 108 नोएडा में यातायात जागरूकता कार्यक्रम व रैली का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई साथ ही ट्रैफिक पार्क में स्थित नमूना रेल को हरी झंडी दिखाकर ट्रैफिक पार्क का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह जी ने कहा कि हर नागरिक का दायित्व है कि वह यातायात नियमों का पालन करें, यातायात नियमों का सभी के द्वारा अगर गंभीरता से पालन किया जाए तो शायद दुर्घटनाओं में काफी कमी आएगी। इस माह के दौरान यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ ही बच्चों के माध्यम से भी लोगों को यातायात के नियमों के संबंध में जानकारी देने का काम किया जाएगा। यह सिर्फ एक यातायात माह नहीं बल्कि एक मिशन है जो आगे भी जारी रहेगा। यातायात जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 300 स्कूली छात्रो तथा एनसीसी के 20 कैडेट ने प्रतिभाग किया गया जिसमें छात्रों द्वारा यातायात के सम्बन्ध में कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह द्वारा यातायात नियमों के पालन के सम्बन्ध मे छात्रो द्वारा लाये गये असाइंनमेंट को देखा तथा छात्रों द्वारा बनाकर लाये गये असाइनमेंट की सराहना की गयी।

पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 108 में यातायात जागरूकता कार्यक्रम को अधिक ज्ञानवर्धक बनाते हुये ट्रैफिक स्टॉल लगाये गये जिनमें यातायात सम्बन्धी उपकरण जैसे स्पीड राडार,बॉडी वार्न कैमरे,डेसीबल आदि उपकरणों के सम्बन्ध में छात्रो को अवगत कराया गया। छात्रो द्वारा सभी उपकरणों को ध्यान पूर्वक देखा तथा यातायात पुलिस कर्मियों से उपकरणों के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। यातायात जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह द्वारा मैपल एप मैप माय इंडिया की टीम से मैपल ऐप के माध्यम से यातायात एडवाइजरी व यातायात की अपडेट के सम्बन्ध में फीड बैक भी लिया गया।

इस यातायात जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों, नागरिकों आदि को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करना था ताकि हम अपने आस पड़ोस में भी ऐसे जागरूकता अभियान चलाकर लोगों में जागरूकता ला सके जिससे सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जानमाल की क्षति में अप्रत्याशित कमी लाई जा सके जोकि हम सभी का बराबर का दायित्व है।

इस कार्यक्रम में अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय भारती सिंह,पुलिस उपायुक्त यातायात गणेश प्रसाद तथा अन्य अधिकारीगणों के साथ फेलिक्स अस्पताल के निदेशक डी.के. गुप्ता, हेलमेट मेन राघवेंद्र, एनजीओं तथा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।





**#थाना फेस 2 नोएडा पुलिस द्वारा घर के बाहर खेलते समय गुमशुदा हुए 04 वर्षीय बच्चे को तलाश कर मिलाया परिजानो से।**

दिनांक 07.11.2022 को रात्रि 08 बजे थाना फेस -2 क्षेत्र के अंतर्गत एक बच्चा उम्र 04 वर्ष निवासी गली नं0-1 नया गांव थाना फेस 2 घर के बाहर खेलते हुये कही चला गया था वादी द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर थाना फेस 2 सेन्ट्रल नोएडा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर बच्चे को ढूंढने का प्रयास किया जाने लगा। पुलिस द्वारा अथक प्रयास करते हुये दिनांक 09.11.2022 की प्रातः बच्चे को मदरसन कम्पनी हौजरी काम्पलेक्स फेस 2 के पास से बरामद किया गया जो कि खेलते खेलते मदरसन कम्पनी हौजरी काम्पलेक्स फेस-2 आ गया था। पुलिस द्वारा बच्चे को परिजनों के सुपुर्द किया गया है । पुलिस द्वारा इस सराहनीय कार्य पर बच्चे की मां व स्थानीय लोगो द्वारा आभार व्यक्त किया गया।